कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश

(कक्ष-स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.)

E-mail—pccfwl@mp.gov.in

प्रदेश स्तरीय चलाये गये ''ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप-II'' (दिनांक 10.01.26से 15.02.26)के अंतर्गत विभिन्न वन अपराधों में 290 आरोपी गिरफ्तार

प्रेस विज्ञप्ती (12/26,दिनांक 01.03.2026)

मध्यप्रदेश वन एवं वन्यजीव संपदा की दृष्टि से संपन्न प्रदेश है। विशाल वन क्षेत्र एवं वन्यजीवों की बहुलता के कारण इनके संरक्षण, संवर्धन एवं वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रदेश में 09टाइगर रिजर्व, 63 क्षेत्रीय वनमंडल एवं 11 परियोजना मंडल है। वन्यजीवों के वास स्थल पर बढ़ते जैविक दबाव, वन्यजीवों के शिकार,अवैध कटाई,वनोपज के अवैध, परिवहन, वन भूमि से अवैध उत्खनन एवं इसमें लिप्त संगठित गिरोह द्वारा राज्य व राज्य के बाहर वनोपज एवं वन्यजीवों की तस्करी/शिकार जैसे अपराध को ध्यान में रख कर मध्यप्रदेश शासन वन विभाग अंतर्गत वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 10.01.2026 से 15.02.2026 (कुल 35 दिवस)तकराज्यव्यापी ऑपरेशन' **ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप-II''** चलाया गया। इसऑपरेशन के तहत शीत ऋतु में वन विभाग के अमले द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा हेतु सामुहिक गश्ती की जाकर शिकार में प्रयुक्त फंदा, विद्युत करंट, खटका (Leg Hold Trap)इत्यादि को जप्त करने एवं वन्यजीव का शिकार करने वाले आदतन आरोपियों की निगरानी की गई।

उक्त अवधि में मध्यप्रदेश वन विभाग केटाइगर रिजर्व,क्षेत्रीय वनमंडलएवं परियोजनामंडल में पदस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिक तथा विभाग के समस्त 15खोजीश्वान दस्ता द्वारा ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप के तहत् जारी दिशा-निर्देशों का सुचारू संपादन करते हुए वन, वन्यजीव एवं उसके रहवास की सुरक्षा के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करते हुए तत्परता से हिस्सा लिया।

'ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप-II'' में की गई कार्यवाही का विवरण-

शामिल अमला	कुल पैदल गश्ती	कुल वाहन द्वारा गश्ती	दर्ज वन अपराध प्रकरण	कुलनिगरानीशुदा आरोपी	कुल गिरफ्तार आरोपी	जप्त वाहन	जप्त वन्यजीव/अवयव	जप्त वनोपज
1	2	3	4	5	6	7	8	9
29721	621170 कि.मी.	1294679 कि.मी	659	3672	290	224	409	काष्ठ-105 घ.मी. खैर-33 घ.मी. रेत-3880 घ.मी.

उक्त ऑपरेशन के अंतर्गतवन अपराध का पता लगानेमें, वन एवं वन्यजीव अपराध नियंत्रण में एवं वन अपराध अन्वेषण में आधुनिक तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के साथ-साथ समर्पण, निष्ठा एवं मेहनत से कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को भविष्य में विशिष्ट अवसर पर सम्मानित किया जावेगा।

जय हिन्द !

अधिकृत अधिकारी
कार्यालय प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
मध्यप्रदेश,भोपाल